Letter No........................ Date.................................

**एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया और बी बी एस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स के बीच हुआ इंटर्नशिप समझौता हस्ताक्षर**

प्रयागराज ! फाफामऊ स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज बी बी एस कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के बीच इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट छात्र छात्राओं के लिए एम् ओ यू पे हस्ताक्षर हुआ | यह समझौता हस्ताक्षर छात्रों के इंटर्नशिप के लिए हुआ | भारत सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा संचालित इस प्रोग्राम का नाम "प्रदीप्ति " है | प्रयागराज सिविल एयरपोर्ट के एयरपोर्ट डायरेक्टर श्री राजेश कुमार जी के द्वारा यह एम् ओ यू पर हस्ताक्षर किया गया | प्रोग्राम के दौरान श्री राजेश कुमार जी ने बताया की इस इंटर्नशिप के माध्यम से छात्र छात्राओं को रियल टाइम प्रोजेक्ट पर काम करने अवसर मिलेगा | साथ ही साथ मैनेजमेंट के छात्र एयरपोर्ट प्रबंधन के साथ काम करेंगे और इन छात्रों को भविष्य में होने वाले रिक्रूटमेंट में भी फायदा मिलेगा | श्री राजेश कुमार जी ने यह भी बताया की आने वाले दिनों में प्रयागराज सिविल एयरपोर्ट का विस्तार होगा जिसमे एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा पढ़ाये गए बी बी एस के सिविल इंजीनियरिंग , इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र छात्राओं को काम करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जाएगा |

बी बी एस ग्रुप और एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा यह प्रोग्राम पहली बार प्रयागराज के बी बी एस इंजीनियरिंग कॉलेज में कराया जा रहा है जिससे नव प्रवेशी और पुराने छात्रों में एयरपोर्ट में होने वाले प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक होंगे |

प्रयागराज एयरपोर्ट अथॉरिटी के ह्यूमन रिसोर्स विभाग से आये हुवे श्री श्याम कार्तिक सिंह और श्री अनिल पयासी ने भी अपने विचार व्यक्त किये और छात्रों के विभिन्न सवालों के जवाब दिए |

कॉलेज प्रबंधन ने आये हुवे सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रम और मेमेन्टो देकर किया | इस दौरान संस्थान से निदेशक , प्रशासनिक अधिकारी, विभागाध्यक्ष , शिक्षक और छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे |

**प्रशासनिक अधिकारी**

**दिव्यसेन सिंह**